प्रीत न

आन

मूल्य ५० पैसे

मदन प्रकाशन सिंह बुक सेलर, इन्दौर-१

तार. हिटसंगीत फोन 30627

मेहबूब प्रोडक्शंस

आन के गीत

दिलीपकुमार, निम्मी, प्रेमनाथ, नादिरा आदि।

गीत - शकील सगीत - नौशाद

निर्देशक – मेहबूब

---

१ लता व कोरस

आज मेरे मन में सखी बांसुरी बजाये कोई
प्यार भरे गीत सखी बार बार गाये कोई
बांसुरी बजाये सखी गीत गाये सखी री
कोई छेलवा हो कोई अलबेलवा हो कोई छेलवा हो
रँग मेरी जवानी का लिए घर आया है सावन
मेरे नैयनों में है साजन
इन ऊदी घटाओं में सखी नाचे मेरा मन
दिल के हिंडोले पे मुझे झूलना झुलाए कोई, प्यार
कहता है इशारों में कोई आ मुझे अम्दुआ के तले मिल
भला वो कौन है घायल
मैं नाम न लूं आज सखी धड़के मेरा दिल
ताल पे जीवन के मधुर रागनी सुनाए कोई, प्यार...

२ शमशाद–आई हो खेतों की रानी आई हो
मैं हूं रानी राजा की राजा मेरा पिया

क्या हो किसी को क्या....
प्रीत नगर में राज करुं मैं बनके सजनियाँ तेरी
महल दो महले धनवानों के दिल की नगरिया मेरी
चाहा जिसको मैंने दिल उसको दे दिया
किसी को क्या...
छोड़के अपने पी की डगरिया और कहीं न जाऊँ
जीत लिया है तनमन जिसने गीत उसी के गाऊं
पी पी की धुन में हरदम नाचे मेरा मन
लिया किसी का क्या हो

३ शमशाद-मुहब्बत चूमें जिनके हाथ
जबानी पाँव पड़े दिन रात
सुने फिर हाय वो किसी की बात
रफी–मुहब्बत चूमें जिनके हाथ जवानी पाँव पड़े दिन-रात
सुने फिर हाय वो किसी की बात
एक तो सुन्दर मुखड़ा उनका उस पर लाख अदायें
हम अपने दिल को कहाँ ले जाये
अकेले दूर खड़े ललचाए
चांद सितारे मस्त नजारे सब है उन्ही के साथ
मुहब्बत चूमें....
रुप नगर से आकर चन्दा उनका रुप चुराये
मेरा मन देख देख रह जाये

भला ये बात मुझे क्यों भाये
नैनों में उनके काजल बनके रहे सुहानी रात मुहब्बत....

४ शमशाद बेगम 4

आग लगी तन मन में दिल को पड़ा थामना
राम जाने कब होगा सैयाजी का सामना
सूनी है आज पिया मोरी अटरिया
दिल तड़पे जैसे बिन जल की मछरिया
जरा लीजो खबरिया
आन पड़े मुश्किल तो आए कोई काम ना
राम जाने....
साजन की याद मुझे पल पल सताए
तन का सिंगार मेरे मन को न भाये
देखो नैना भर आये
प्यार मेरा हो जाए कहीं बदनाम ना, राम जाने ..
लागी न छूटे करु कोई बहाना
दिल मेरा बना पिया तेरा निशाना
आया नाजुक जमाना
हो बुरा उल्फत का देखो अन्जाम ना राम जाने....

५ शमशाद बेगम, लता व कोरस–

खेलो रंग हमारे संग आज दिन रग रंगीला आया
होऽऽ दिन रग रगीला आया
नगर नगर में रिमझिम रंग अनोखा बरसे
कैसे मैं खेलूं फाग मेरा दिल पिया मिलन को तरसे
देखो मेरी चुनरी का रग सखी धानी है
खो ना देना ये प्यार की निशानी है
मैं हूं तेरे सग बलम तू है मेरे संग
रग डालो रंग डालो रग खेलो रंग...
आओ आओ सजन हमरे द्वार
रग डालूँ तुम पर हजार हो 5
आओ आओ सजन हमारे द्वार
आज कोई राजा न आज कोई रानी है
प्यार भरे जीवन की एक ही कहानी है
हो रंग डालो रग डालो रग खेलो...

६ रफी–दिल में छुपा के प्यार का तूफान ले चले
हम आज अपनी मौत का सामान ले चले २।
दिल में...
मिटता है कौन देखिये, उल्फत की राह में २
वो ले चले है आन तो हम जान ले चले
मौत का सामान ले चले, दिल में....
मजिल पे होगा फैसला, किस्मत के खेल का २
कर दे जो दिल का खून वो मेहमान ले चले
मौत का सामान ले चले दिल में....

७ रफी–दिल को हुआ तुझसे प्यार
अब है तुम्हें इख्त्यार
चाहें बना दो चाहे मिटा दो
टकरा गया उनसे दिल ही तो है 6
रोये न यह क्यों घायल ही तो है २ टकरा....
वो प्यार से नफरत करते हैं
हम हैं के उन्हीं पर मरते है
अब कैसे निभे मुश्किल ही तो है, घायल ही तो है
टकरा गया...
बेदर्द को ऐ दिल याद न कर
तड़पे जा यूँ ही फरियाद न कर
क्यों रहम करे कातिल ही तो है, टकरा गया....

८ रफी–मान मेरा एहसान अरे नादान
कि मैंने तुझसे किया है प्यार २
मेरी नजर की धूप न भरती रुप
तो होता हुस्न तेरा बेकार
मैंने तुझसे किया है प्यार
उल्फत न सही नफरत ही सही
इसको भी मुहब्बत कहते है
तू लाख छिपाये भेद मगर हम
दिल में समाए रहते है
तेरे भी दिल में आग उठी है जाग
जुबाँ से चाहे न कर इकरार, कि मैंने तुझसे ...
अपना न बना लूँ तुझको अगर
इक रोज तो मेरा नाम नहीं 1
पत्थर का जिगर पानी कर दूं
यह तो कोई मुश्किल काम नहीं
छोड़ दे अब ये खेल तू करले मेल मेरे संग
मान ले अपनी हार कि मैंने तुझसे....

९ लता, शमशाद साथी—
गाओ तराने मन के जी आशा आई है दुल्हन बन के
जी नाचो नाचो मन के ताल पे
छम छम छम छम २
आज खुशी बन-ठन के जी घर आई है निर्धन के
नाचो मन की ताल पे छम छम छम छम २
धक धक मन में ढोलक बाजे
छमछम छम छम पग में पायल २
बालम की नजरों ने
किया है आज मेरा दिल घायल २
भेद में अपना खोलूं ना कुछ बोलूं ना
तीर चले चितवन के जी
रिमझिम दिन आए सावन के नाचो नाचो...

अपने पिया की जोगन बन जा छोड़ के महल दो महले
फूल वही सच्चा है जो काँटों के दुख भी झेले
प्यार को जब तुम जानोगे फिर मानोगे
दीप नए जीवन के जी मिलते है द्वारे साजन के
जी नाचो मन के....

१० रफी–चुपचाप सो रहे है वो आनबान वाले
आखिर गिरे जमीं पर ऊंची उड़ान वाले

लता–तुझे खो दिया हमने पाने के बाद
तेरी याद आई तेरे जाने के बाद 8
तेरी याद आई तुझे खो दिया....
मिला था न जब तक, जुदाई का गम २
मुहब्बत का मतलब न. समझे थे हम २
तड़पने लगे तीर खाने के बाद
तेरी याद आई तेरे जाने के....
निगाहों में अब तू, समाने लगा है २
तेरा नाम होठों पे आने लगा है
हुए हम तेरे एक जमाने के बाद
तेरी याद आई तेरे जाने के....
मुहब्बत मिली और, तू खो गया २
बदलते ही किस्मत ये. क्या हो गया २
खुशी छीन गई दिल लगाने के बाद तेरी.... तेरे....